महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संबंध में मार्च, 2022 के महीने के लिए मासिक सारांश रिपोर्ट

मार्च, 2022 में समाप्त माह के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण गतिविधियां इस प्रकार हैं:

1. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन :

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के भाग के रूप में 'सांकेतिक सप्ताह' के रूप में 1 से 08 मार्च, 2022 तक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस - सप्ताह मनाया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के सप्ताह भर के समारोहों के भाग के रूप में, मंत्रालय ने महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों और विशेषज्ञों की भागीदारी में, महिलाओं और बच्चों के साथ ही उनके संरक्षण और सशक्तीकरण के लिए प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने वाले कार्मिकों की सक्रिय सहभागिता में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया :

(i) **1 मार्च, 2022**, को मंत्रालय ने पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के सहयोग से **महिलाओं की संरक्षा और सुरक्षा पर जागरुकता** सृजन किया।

(ii) **2 मार्च, 2022**, को संकटग्रस्त महिलाओं को सहयोग करने में वन स्टॉप सैंटर्स(ओएससी) द्वारा निभाई गई भूमिका पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया। संकटग्रस्त महिलाओं की मदद करने के उद्देश्य से देशभर में ओएससी कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मंत्रालय द्वारा निमहांस बैंगलुरु के सहयोग से **"स्त्री मनोरक्षा परियोजना" शुरू की गई।** मंत्रालय और नालसा के एक संयुक्त उद्यम के रूप में वन स्टॉप सैंटर्स के क्षमता निर्माण के लिए एक परामर्शदाता सम्मेलन भी आयोजित किया गया।

(iii) **3 मार्च, 2022** को, मंत्रालय द्वारा यूनीसेफ की भागीदारी में **'स्टेम और युवा महिलाओं में वित्तीय साक्षरता'** पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गई।

(iv) **4 और 5 मार्च, 2022** को, **बाल अधिकारों से संबंधित समकालिक मुद्दों** पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोगों(एससीपीसीआर) के साथ भोपाल में एक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई।

(v) **7 मार्च, 2022** को, **माननीय प्रधानमंत्रीजी ने वर्ष 2020 और 2021 की नारी शक्ति पुरस्कार विजेताओं से संवाद किया।** यह संवाद प्रधानमंत्रीजी द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति किए जा रहे निरंतर प्रयासों का एक इच्छापत्र था। मंत्रालय ने स्कूल छोड़ चुकी किशोरियों

को औपचारिक शिक्षा और/या कौशल प्रणाली में वापस लाने के लिए शिक्षा मंत्रालय और यूनीसेफ इंडिया की भागदारी में 'कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव' अभियान की शुरूआत की।

(vi) **8 मार्च, 2022** को, **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, माननीय राष्ट्रपति** ने महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति उल्लेखनीय कार्य का सम्मान करते हुए 29 उल्लेखनीय महिलाओं को, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में **नारी शक्ति पुरस्कार, 2020 और 2021 वितरित किए।** उसी दिन, माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बीपीआर एंड डी द्वारा आयोजित 'सार्वजनिक और कार्यस्थलों पर महिलाओं की संरक्षा और सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन' को संबोधित किया।

2. आरंभिक बाल्यावस्था के संबंध में भारत और ब्राजील के बीच हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन के तहत संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की पहली बैठक : भारत गणराज्य और ब्राजील संघीय गणराज्य के बीच हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन के तहत संयुक्त कार्यसमूह की पहली बैठक दिनांक 11.03.2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ब्राजील में भारतीय दूतावास, शिक्षा मंत्रालय और आयुष मंत्रालय के अधिकारियों(भारत की ओर से) और नागरिकता मंत्रालय, भारत में ब्राजील दूतावास और विदेश मंत्रालय(ब्राजील की ओर से) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

3. जी 20 इंडोनेशियन प्रेसिडेंसी के तहत जी20 एम्पॉवर का पहला सहयोगी कार्यक्रम : जी 20 इंडोनेशियन प्रेसिडेंसी के तहत 29 मार्च, 2022 को वर्चुअल रूप से आयोजित जी20 एम्पॉवर के पहले कार्यक्रम में भारत ने संयुक्त सचिव स्तर पर प्रतिनिधित्व किया।

*****